<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 अगस्त 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के विरोध में डॉक्टरों में आक्रोश : डॉक्टर्स ने प्रदर्शन कर सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की।
- प्रदेश के दस नए राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग किया जाए घोषितः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना बैठक में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मांग।
- प्रदेश में कैदियों की क्षमा याचिकाओं पर निर्णय में हो रही देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को लगाई फटकार
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा निर्देश जारीः देश भर में प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाने पर दिया बल

**********

कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म की घटना से प्रदेश के डॉक्टरों में जबरदस्त आक्रोश है। इसका असर कल राजधानी समेत कई शहरों में दिखाई पड़ा। फेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के हड़ताल के आह्वान का कल उत्तर प्रदेश रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने समर्थन करते हुए प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर, अलीगढ़ समेत कई जनपदों में चार हजार से अधिक डॉक्टरों ने घटना पर कड़ा रोष जताया। इसके चलते लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, रायबरेली एम्स, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज समेत अन्य मेडिकल कॉलेजों में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने प्रदर्शन कर सरकार से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की। हालांकि, ज्यादातर जगहों पर ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं। लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेजिडेंट डॉक्टरों ने परिसर में मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। डॉक्टरों ने कहा कि मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत महिला डॉक्टर और महिला कर्मचारी असुरक्षित महसूस कर रही हैं। इसके लिए सरकार सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराये। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी में हड़ताल नहीं हुई है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में वह डॉक्टरों के साथ खड़े हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित परियोजनाओं की बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष प्रदेश में एनएच के विस्तार की मांग रखी। उन्होंने इस बात के लिए भी आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार की प्रक्रिया को थमने नहीं दिया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के लिए किसी भी विभाग की जमीन को निःशुल्क दिया जाएगा।

श्री योगी ने कहा कि 2017 में प्रदेश में 8364 किमी लंबे कुल 48 राष्ट्रीय राजमार्ग थे, जबकि 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 93 हो गई और राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई भी बढ़कर 12,733 किमी हो गई है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी, मथुरा और अयोध्या का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि ये प्रदेश के मुख्य दर्शनीय स्थल हैं, जिनमें पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों की संख्या दिनों–दिन बढ़ रही है। उन्होंने वाराणसी रिंग रोड के बचे हुए काम (गंगा ब्रिज) को पूर्ण करने के पश्चात इस रिंग रोड को शीघ्र ही ट्रैफिक के लिए खोला जाना आवश्यक बताया।

मुख्यमंत्री ने ब्रज चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने को आवश्यक बताया। साथ ही अयोध्या बाईपास के सुदृढ़ीकरण का भी अनुरोध किया। उन्होंने अनुरोध किया कि प्रदेश के 10 नये राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 18 में से 13 मंडलों में रिंग रोड निर्माण की प्रक्रिया या तो चल रही है या पूरी हो चुकी है, इसके अलावा प्रदेश के पांच मंडल अलीगढ़, देवीपाटन, झांसी, मीरजापुर और सहारनपुर में रिंग रोड बनाना भी आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश में सभी राष्ट्रीय राजमार्गों के रख रखाव को उच्च स्तर का रखने पर जोर दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर गांव में साफ जल की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया है। जल जीवन मिशन की कल समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने पाइपलाइन बिछाने के साथ ही उसके संचालन और रखरखाव पर जोर दिया। जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के दो दशमलव छह पांच करोड़ परिवारों तक कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसके सापेक्ष दो दशमलव दो पांच करोड़ साफ जल पहुंचाया जा चुका है।

**********

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के करीबी रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव को पुलिस ने एक किशोरी से छेड़खानी के आरोप में गिरफ्तार किया है। किशोरी बीते रविवार नवाब के कॉलेज में नौकरी मांगने के लिए बुआ के साथ गई थी। वहीं से किशोरी ने पुलिस को छेड़खानी की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवाब को आपत्तिजनक हालात में हिरासत में ले लिया। कल

कोर्ट में सपा नेता को पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। हालांकि सपा ने गिरफ्तारी के बाद नवाब पल्ला झाड़ लिया है

**********

सुल्तानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण कल राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तिथि तय की है। इससे पहले 26 जुलाई को राहुल गांधी कोर्ट में पेश हुए थे, जहां उनका बयान दर्ज हुआ था। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर साल 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए बयान को लेकर मामला दर्ज किया गया था। तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाते हुए बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने मानहानि का केस दर्ज कराया था।

**********

प्रदेश की सभी जेलों में बंद कैदियों की क्षमा याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी करने पर कल सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील को निर्देश दिया कि वह हलफनामा दाखिल कर उन अधिकारियों के नाम बताएं, जिन्होंने फाइलें लेने से इनकार कर दिया। जस्टिस ए एस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हमारे आदेश के बावजूद उसकी अवहेलना करते हुए क्षमा याचिकाओं पर निर्णय नहीं लिया जा रहा है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारे आदेश में साफ था कि इस मामले में आचार संहिता आड़े नहीं आएगी। इस मामले में कोर्ट ने पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश के कारागार विभाग के प्रमुख सचिव को अदालती आदेशों का पालन न करने पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश होने का निर्देश भी दिया था।

**********

सरकार ने पीएम–सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने आज कहा कि इस योजना के अंतर्गत देश भर में प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाने पर बल दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए कुल 800 करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। इस योजना के अंतर्गत एक गांव की आबादी पांच हजार और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए दो हजार से अधिक होनी चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक जिले के सबसे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाले विजेता गांव को एक करोड़ रुपये का केंद्रीय वित्तीय सहायता अनुदान मिलेगा। इस वर्ष फरवरी में, सरकार ने सौर छत क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय परिवारों को अपनी बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस योजना को स्वीकृति दी।

**********

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र कटेहरी में होने वाले उपचुनाव के लिए जितेंद्र वर्मा उर्फ अमित कुमार वर्मा को कटेहरी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी प्रत्याशी घोषित किया है। जिला अध्यक्ष सुनील सावंत ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र कटेहरी बहुजन समाज पार्टी की परंपरागत सीट रही है। पिछले 1993 के विधानसभा चुनाव से लेकर अब तक पांच बार बहुजन समाज पार्टी यहां से अपना विधायक बना चुकी है और उपचुनाव भी बहुजन समाज पार्टी भारी मतों के अंतर से जीतेगी।

**********

हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिये प्रदेश भर विभिन्न कार्याक्रमों का आयोजन कर आमजन से इस अभियान से जुड़ने की अपील की जा रही है। इस क्रम में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से कल तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। कौशांबी मे कल भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। हापुड़ में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लोगों से तिरंगा फहराने का आह्वान किया। हमीरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया और मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा निकाली।

**********